तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



बवासीर का आधुनिक इलाज

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा

भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा

गुप्ता हॉस्पिटल

डॉ. शुभम् गुप्ता

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें

7400009183


## खबर संक्षेप

### कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन कल तक

**कोरबा।** प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर बालक/ बालिका कक्षा 11 वीं वाणिज्य एवं कला संकाय में 64 एवं अन्य पिछड़ावर्ग प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय (गणित) में 21 सीट रिक्त है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से होगा। परीक्षा में शामिल होने हेतु कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रयास आवासीय विद्यालय बालक/ बालिका बिलासपुर में चयन हेतु प्रदेश के साथ ही प्रदेश के संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र में स्थित शासकीय/अशासकीय शालाओं से कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी हो तथा अन्य पिछड़ावर्ग प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय बिलासपुर हेतु संपूर्ण प्रदेश के किसी भी शासकीय/अशासकीय संस्था में कक्षा 10 उत्तीर्ण विद्यार्थी होना चाहिये। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त है। प्राप्त आवेदन के पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन 22 अगस्त को किया जायेगा। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 24 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र डेल्टा पब्लिक स्कूल पुराना हाईकोर्ट के सामने बिलासपुर में आयोजित की जायेगी।

## डीएमएफ से बनाए जाएंगे नए भवन

# 25 अति जर्जर भवनों को करना था डिस्मेंटल अब भी पढ़ रहे हैं वहां बच्चे, जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अति जर्जर स्कूल को डिस्मेंटल कर उनके जगह नए भवन बनाए जाने की कार्ययोजना के बाद भी अति जर्जर स्कूलों को डिस्मेंटल करने का काम शुरु नहीं होने के कारण नए भवन निर्माण का रास्ता नहीं खुल सका है। गर्मी में स्कूल भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्ययोजना बनाई गई थी। जिले में लगभग डेढ़ सौ स्कूल ऐसे हैं जो जर्जर की स्थिति में है।

स्कूलों की स्थिति सुधारने के लिए डिस्मेंटल की योजना तैयार की गई थी ताकि ऐसे स्कूलों की जगह नए भवन बनाया जा सके। किंतु पुराने और अति जर्जर स्कूल डिस्मेंटल ही नहीं हो सके हैं। ऐसे में नए भवन निर्माण बनाए जाने का रास्ता नहीं खुल सका है। जबकि इसके लिए डीएमएफ से एक बड़ी राशि जारी करने के आदेश भी जारी हो चुके हैं। स्कूलों की खराब स्थिति विशेषकर ग्रामीण अंचलों में हे। हालांकि ऐसे स्कूलों में शहर के स्कूल भी पीछे नहीं है। इनमें वार्ड क्रमांक 40 के रिस्दा प्राथमिक शाला जिसकी बांउड्रीवाल तीन जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके अलावा केशलपुर प्राथमिक शाला जिसके छत से पानी रिसता है। ये शहर के नजदीक और शहर में ही स्थित स्कूल हैं। कुछ ऐसे स्कूल भी हैं जो पिछले चार साल से अधूरे चल रहे हैं। जिन्हें डिस्मेंटल करना जरुरी था किंतु न तो उनका निर्माण पूरा किया जा सका और न ही उनकी जगह नया भवन बनाए जाने के लिए डिस्मेंटल का काम हुआ। इतना ही नहीं डीएमएफ से बन रहे प्रयोगशाला भवन और अतिरिक्त कक्ष निर्माण का काम वार्ड क्रमांक 43 गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल बालको में चल रहा है जो बीते दो वर्ष से अधूरा पड़ा है। इन स्कूलों के अलावा कोरबा विकासखंड के ग्राम पंचायत नकिया के आश्रित ग्राम खम्होन, डोकरमना, नकटीखार, भालूसटका ऐसे प्राथमिक स्कूल हैं जिन्हें डिस्मेंटल की श्रेणी में रखा गया है।



जर्जर स्कूल भवन।

### पोड़ी ब्लॉक में है समस्या

जर्जर स्कूलों को लेकर सबसे ज्यादा समस्या जिले के सबसे बड़े और आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा में है। स्कूलों की संख्या भी इस ब्लॉक में ज्यादा होने के कारण अधोसंरचना विकास के तहत पोड़ी ब्लॉक में स्कूलों का निर्माण किया गया था। डिस्मेंटल करने लायक स्कूलों की स्थिति यहां भी मौजूद है। किंतु शिक्षा विभाग तक इस ब्लॉक तक भी स्कूलों की वास्तविक स्थिति नहीं पहुंचने के कारण डिस्मेंटल के कार्य में विराम लगा हुहा है। कोरबी क्षेत्र के भुजंगकछार प्राथमिक शाला से लेकर पसान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चिरमिरी जिला के सीमा से लगे कोडगार प्राथमिक शाला की भी यही स्थिति है।

### बीईओ ऑफिस से नहीं पहुंची जानकारी

डिस्मेंटल करने लायक स्कूलों की जानकारी जिला शिक्षा विभाग के द्वारा सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मांगी गई थी जो अभी भी पूर्ण रुप से नहीं पहुंची है जिसकी वजह से डिस्मेंटल करने का कार्य अधूरे पड़े हैं। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को इसके लिए अप्रैल महीने में पत्र जारी किया गया था किंतु संबंधित अधिकारियों ने पत्र को गंभीरता से नहीं लिया जिसकी वजह से शिक्षा विभाग तक स्कूलों के संबंध में रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी है।








जीवेत् शरदःशतम्
नटवर शर्मा
पूर्व मंडल अध्यक्ष, करतला
आकाश सक्सेना
जिला उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेशमंत्री
श्री विकास महतो जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
रामकुमार गबेल
मंडल अध्यक्ष, करतला

## खबर संक्षेप

### नव पदोन्नत 845 प्राचार्यों के पदांकन हेतु काउंसलिंग 20 से 23 अगस्त तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राचार्य (टी-संवर्ग) के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन हेतु ओपन काउंसिलिंग का आयोजन 20 से 23 अगस्त तक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर रायपुर में किया जाएगा। इस काउंसिलिंग में कुल 845 नव पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से निर्धारित है। प्रत्येक दिन प्रथम पाली में 150 और द्वितीय पाली में 150 इस प्रकार प्रत्येक दिन कुल 300 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग की तिथि एवं समय की जानकारी पदोन्नत प्राचार्यों की सूची तथा रिक्त पदों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। महिला तथा इसके बाद पुरूष वर्ग को वरिष्ठता के क्रम में संस्था चयन हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। सभी पदोन्नत प्राचार्यों को अपने वर्तमान संस्था प्रमुख से प्रमाणित सेवा प्रमाण पत्र, मूल पदस्थापना संबंधी जानकारी तथा शासन द्वारा मान्य फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। काउंसिलिंग हेतु वेटिंग हॉल सेमिनार कक्ष क्रमांक 1 एवं काउंसिलिंग कक्ष क्रमांक 2 निर्धारित किए गए हैं। दोनों कक्षों में केवल अभ्यर्थियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहने वाले प्राचार्यों को अंतिम दिन 23 अगस्त को अवसर दिया जाएगा। काउंसिलिंग पूर्ण होने के बाद पदस्थापना आदेश शासन द्वारा जारी किए जाएंगे तथा आदेश जारी होने के 7 दिवस के भीतर नवीन पदस्थापना स्थल पर पदग्रहण करना अनिवार्य होगा।

### संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छुरी के खिलाड़ियों ने जीते 5 गोल्ड मेडल



**कटघोरा।** संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने 5 गोल्ड मेडल जीते हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरी के छात्रों ने लगातार ब्लॉक स्तरीय, जिला स्तरीय और संभाग स्तरीय में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड मेडल जीते। प्राचार्य श्रीमती करू, श्रीमती मनीषा विश्वास, श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती सुनीता श्रीवास, श्रीमती शांति कंवर, श्रीमती सुषमा साहू, श्रीमती रीना, श्रीमती गिरिजा महेंद्र, हरदयाल सिंह, श्रीमती पार्वती कौशिक, फिरतराम पटेल, जीतराम श्रीवास, श्रीमती शैल कुंवर, टांडिया, महावीर सिंह राजपूत, दिग्विजय चंद्रा, विष्णु प्रकाश पांडे, अभिषेक राठौर, तृप्ति सराफ, भरतलाल साहू, श्रीमती कल्पना अंसारी, श्रवण कुमार कश्यप उपस्थित थे।

### यूथ हॉस्टल ने नेहरू नगर में मनाया स्वाधीनता दिवस



**कोरबा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की. छत्तीसगढ़ राज्य शाखा द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। वरिष्ठ सदस्य श्रीमती सुमन सेठ एवं सक्रिय सदस्य स्वाति वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में शिवांगी और काव्या द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्यों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। आरव और संकल्प ने अपने प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से आज़ादी के महत्व और देशभक्ति की भावना को बख़ूबी उजागर किया।सभी प्रतिभागियों को उनकी भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। त्रिभुवन कौशिक, उपाध्यक्ष वायएचएआई ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार रखे।

## निधन

### बालेश्वर झा



**कोरबा।** श्री बालेश्वर झा पिता स्वर्गीय श्री मूरत लाल झा निवासी ग्राम पड़ेयां बथना पोस्ट गरहुंआ जिला मुजफ्फरपुर बिहार निवासी एवं बाल्को सेवानिवृत कर्मचारी थे। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे अपने पीछे धर्मपत्नी श्रीमती हीरामणी झा, पुत्र, पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार आज पहलेजा गंगा घाट हाजीपुर बिहार में किया जाएगा।

### आरबी शाह



**कोरबा।** अधिवक्ता संजय शाह के पिता आरबी शाह का निधन रविवार को हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### एसडीएम ने कहा कोई रिश्वत मांगे तो मोबाइल से कर सकते हैं शिकायत

# करप्शन रोकने आईएएस ने ऑफिस की दीवार पर लिखवाया अपना पर्सनल मोबाइल नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

एक आईएएस एसडीएम ने रिश्वतखोरी के खिलाफ बड़ा कदम उठाते हुए नोटिस बोर्ड में अपना पर्सनल नंबर लिखवा दिया है। लोगों ने उन्होंने अपील भी की है कि कोई पैसा मांगे तो आगे आकर शिकायत करें।

जिले के कटघोरा सब डिवीजन के एसडीएम तन्मय खन्ना ने अपनी पहली ही पोस्टिंग में करप्शन रोकने बड़ी पहल की है। उन्होंने अपने चेंबर के सामने दीवार पर नोटिस चस्पा करवा दिया है कि कोई रिश्वत मांगे तो उनसे सीधे कंप्लेन करें। नोटिस में उन्होंन अपना पर्सनल नंबर भी लिखवाया है। नोटिस बोर्ड पर एसडीएम के सिग्नेचर और सील ठप्पा के साथ लिखा है अनुविभाग कटघोरा के किसी भी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी द्वारा अगर किसी कार्य में अनावश्यक देरी या उस कार्य के एवज में आपसे रिश्वत की मांग की जा रही है तो उसकी शिकायत आप मेरे समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या मेरे



तन्मय खन्ना

व्यक्तिगत मोबाइल नंबर पर किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं। नोटिस में उनका पर्सनल नंबर 8447895846 के साथ मिलने का टाईम और डेट प्रत्येक सोमवार को सुबह 11 से 1 बजे लिखा है। उन्होंने बताया कि ज्वाईन करने के बाद वे कोरबा के कलेक्टर अजीत वसंत सर से मिलने गए थे, उन्होंने बताया कि मैंने एसडीएम रहने के दौरान अपना पर्सनल नंबर बोर्ड पर लिखवा दिया था, उससे काफी फायदा हुआ। कलेक्टर सर से प्रेरित होकर मैंने भी अपना पर्सनल नंबर लिखवा दिया। उन्होंने बताया, उनके पास लोगों के खूब फोन आ रहे हैं। तन्मय का कहना है कि कम-से-कम एसडीएम की पोस्टिंग तक अफसर का नंबर सार्वजनिक होना ही चाहिए...आम आदमी की सबसे अधिक जरूरत एसडीएम ऑफिस तक रहती है।

**पहली कोशिश में आईएएस**

दिल्ली के रहने वाले तन्मय खन्ना की स्कूलिंग और कॉलेज की पढ़ाई दिल्ली से हुई। हंसराज कॉलेज से उन्होंने पढ़ाई की। इसके बाद हैदराबाद से ट्रीपल आईआईटी में पीजी किया। इसके बाद 2022 की यूपीएससी एग्जाम पहले ही प्रयास में क्रैक कर 61वीं रैंक के साथ आईएएस चुने गए। मसूरी से ट्रेनिंग के बाद सहायक कलेक्टर के रुप में बिलासपुर में अपना प्रोबेशन पूरा किया। इसी महीने उन्हें कटघोरा का एसडीएम बनाया गया। 11 अगस्त को उन्होंने कटघोरा में अपनी ज्वाइनिंग दी।

**करप्शन रोकने टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल**

तन्मय खन्ना का कहना है टेक्नोलॉजी जब इतना एडवांस आ गया है तो जनता को सहूलियत देने इसका इस्तेमाल करना चाहिए। इसी से भ्रष्टाचार भी रुकेगा। एसडीएम ने बताया कि वे बहुत जल्द एक मॉनिटरिंग सिस्टम डेवलप करने जा रहे। उसमें किसी पत्र या शिकायत पर सात दिनों के भीतर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो रिव्यू के लिए वह सिस्टम में डिस्प्ले होने लगेगा। वे चाहते हैं कि फॉलोअप सिस्टम स्ट्रांग हो।

# पाली में उल्टी-दस्त से एक की मौत, एक दर्जन लोग प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पाली के दर्री पारा मोहल्ले में एक सप्ताह पूर्व फैली संक्रामक बीमारी उल्टी-दस्त से दो ग्रामीणों की अकाल मौत हो गई। महिला एवं पुरुष-बच्चे लगभग 1 दर्जन लोगों को आनन-फानन में इलाज के लिए पोड़ी उपरोड़ा भेजा गया था, जिन्हें 5 दिन बाद छुट्टी दे दी गई।



मृतक।

उल्टी-दस्त से पीड़ित ग्रामीण से जानकारी एकत्र कर बताया कि दूरस्थ वनांचल ग्राम पाली दर्री पारा में बीमारी से ग्रसित ग्रामीणों ने बताया कि वहां उल्टी-दस्त का संक्रमण फैलने के पूर्व मौसमी बीमारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य कैम्प नहीं लगाया था, ना ही विभाग की गाइडलाइन अनुसार दूरस्थ वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के फील्ड वर्करों ने जरूरी समुचित दवाइयों का वितरण किया था। ग्रामीण जानकारी के अभाव में अपने स्वयं के खर्चे से सीमावर्ती एमसीबी जिले में जाकर इलाज कराना जरूरी समझा।संक्रामक बीमारी के फैलने के दो दिन बाद इस जानलेवा संक्रमित बीमारी से पीड़ित ग्रामीणो ने स्थानीय सरपंच को घटने के बारे में अवगत कराया, तत्पश्चात स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिलने के बाद विभाग अपने कुंभकर्णी नींद से जागा।

### संस्कार भारती ने श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का किया आयोजन

**कोरबा।** संस्कार भारती नगर इकाई कोरबा पश्चिम के द्वारा श्री नवधा रामायण समिति अयोध्यापुरी के सहयोग से श्री कृष्ण प्राकट्योत्सव के पावन पर्व पर नवधा पंडाल अयोध्या पुरी में श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता पांच वर्गों में आयोजित की गई। प्रथम वर्ग में दो वर्ष तक के बच्चों को बाल कृष्ण रूप में जिसमें बारह नन्हे मुन्ने बच्चों ने भाग लिया।

# प्रगति नगर में मटका फोड़ महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रगति नगर राधे कृष्णा मैदान में सफलतापूर्वक 26 वें वर्ष मटका फोड़ महोत्सव दहीहंडी प्रतियोगिता संपन्न हुई देर रात तक चले इस कार्यक्रम में ठीक 12:15 में दही हांडी को फोड़ कर अड़ी कछार की टीम

**खास बात**

- विजेता टीम को मिली नगद 1 लाख रुपए की राशि

ने 1 लाख रुपए का नगद पुरस्कार प्राप्त किया इस अवसर पर अतिथि आसंदी में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल देश के सबसे बड़े कोयला खदान गेवरा क्षेत्र के महा प्रबंधक अरुण कुमार त्यागी कलिंगा कंपनी के महाप्रबंधक विकास दुबे नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत मौजूद थे। इस अवसर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी मटका फोड़ महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक रजनीश तिवारी ने आगंतुक अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि 26 वर्षों तक लगातार इस आयोजन को संपन्न करना बहुत बड़ी बात है और यह आयोजन अब जिले ही नहीं बल्कि दूरस्थ अंचलों तक भी ख्याति प्राप्त कर चुका है उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से धर्म के प्रति आस्था एवं अपनी प्राचीन संस्कृति सभ्यता से जुड़ने का और धार्मिक महत्व को समझने का अच्छा अवसर बनता है श्री पटेल ने मटका फोड़ मैदान पर एक भव्य स्टेज निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इस महोत्सव के हिसाब से यह मंच छोटा और संकीर्ण है इसलिए बड़े आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए राधा कृष्ण मैदान में एक भव्य मंच का निर्माण कराया जाएगा। महोत्सव में मटका फोड़ के साथ-साथ एकल मटका फोड़ एवं राधा कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता के प्रतियोगियों को भी पुरस्कृत किया गया कुल मिलाकर 1 लाख 8 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया।



मटकी फोड़ विजेता टीम।

# प्रदेश के सभी जिलों में संगठन का होगा विस्तार : अलावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आम आदमी पार्टी आने वाले दिनों में प्रदेश के सभी जिलों में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन कर सभी इकाईयों का विस्तार किया जाएगा। नये लोगों को संगठन में जोड़ा जाएगा। इस उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों का दौरा कर कार्यकर्ताओं की बैठक ली जा रही है। आने वाले समय में आम आदमी पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

उक्त बाते दिल्ली विधानसभा के उप नेता एवं विधायक मुकेश अलावत ने प्रेसक्लब तिलक भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पूर्व में पार्टी ने इंडिया गठबंधन के कारण छग में चुनाव नहीं लड़े थे जिससे कार्यकर्ता निराश हो गए थे और कुछ समय के लिए पार्टी की गतिविधियां धीमी पड़ गई थी। कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने छग के सभी जिलों में नए सिरे से पार्टी का संगठन तैयार करने का निर्देश दिये हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के सभी जिलों में दौरा कर कार्यकर्ताओं की बैठक ली जा रही है और यह तय किया गया है कि आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी किसी भी राजनीतिक दल से गठबंधन नहीं करेगी और अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। विधायक श्री अलावात ने कहा कि आम आदमी पार्टी की अपनी ऑडियोलॉजी है और उस ऑडियोलॉजी के कारण ही देश की तीसरे नंबर की पार्टी है और इसी ऑडियोलॉजी के दम पर दिल्ली से लेकर पंजाब तक में पार्टी ने अपनी सरकार बनाई है। पत्रकारवार्ता में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि प्रदेश संगठन को मजबूत करना पहली प्राथमिकता है। संगठन को मजबूत करने के बाद प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी आंदोलन की शंखनाद करेगी। कोरबा में डीएमएफ के मुद्दे को लेकर कहा कि आने वाले आंदोलन के दौरान कोरबा के डीएमएफ मुद्दे को लेकर भी लड़ाई छेड़ी जाएगी। पत्रकारवार्ता में सूरज उपाध्याय, प्रज्ञा सिन्हा, शत्रुहन सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।




पत्रकारों से बातचीत करते विधायक मुकेश अलावत।

### जन्माष्टमी में शामिल हुए कटघोरा विधायक



**हरदीबाजार।** ग्राम मुरली व सिरली में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटका फोड़ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने श्रीकृष्ण के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्री पटेल अपने आंख में पट्टी बांधकर डंडे से मटकी फोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं रहे। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि व पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, पूर्व सदस्य युवा आयोग रघुराज सिंह उईके, शंकर सिंह कंवर सरपंच मुरली, छोटे लाल पटेल उपाध्याय जिला किसान मोर्चा, चंद्रपाल पटेल जनपद सदस्य, दिलीप पटेल अध्यक्ष भाजपा मंडल युवामोर्चा पाली, मन्नु सांई राठौर विधायक प्रतिनिधि, श्रवण यादव सदस्य वनवासी कल्याण आश्रम कोरबा, प्रमोद पटेल, सहित आयोजक समिति व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### आदर्श नगर में मनाया गया जन्माष्टमी



**गेवरा कुसमुंडा।** आदर्श नगर में मां शेरावाली मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। विभिन्न मंदिरों में भी श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उत्सव मनाया गया। शेरावाली मंदिर में मटका फोड़ो, इनाम जीतो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विकेश झा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शेरावाली मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी बच्चों के साथ पारंपरिक रूप से मनाया जाता है इससे बच्चों को पर्व की जानकारी और मनाए जाने का तरीका दोनों की जानकारी हो जाती है विशेष बच्चे त्योहारों को मनाने के साथ उनकी विशेषताओं को पहचानने लगते हैं मां शेरावाली मंदिर में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### धर्मशाला में मनाया गया जन्माष्टमी का उत्सव



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार बस स्टैंड यादव धर्मशाला के सामने प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा स्थानीय व्यापारियों के सहयोग से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मटकी फोड़ का आयोजन उत्सव पूर्व एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा राधा कृष्ण की वेषभूषा ने सभी का मनमोह लिया। जय श्री कृष्ण, राधे राधे के जयकारे से सारा बस स्टैंड गुंज गया। इस पूरे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरदी बाजार उप स्वास्थ्य केंद्र के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ एन कंवर सहित ग्राम पंचायत हरदी बाजार के सरपंच लोकेश्वर सिंह कंवर सहित स्थानीय व्यापारी रमेश अहीर, अरुण राठौर, घनश्याम(गुड्डा) श्रीवास, हरनारायण राठौर, टंकेश्वर जायसवाल, ब्यास राठौर, राज ओग्रे, नीरज, पिंटू राठौर, वासुदेव जयसवाल, धन्नामल पटेल, शिवम जायसवाल, नारद पटेल, वैभव राठौर, अमन राठौर, सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक और बच्चों की बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

# आरसीपी इंफ्राटेक : वीआईपी सिटी में रजिस्ट्री पर 50% की छूट, बैंगलोस पर 10 लाख तक का डिस्काउंट

बिजनेस प्लस

**रायपुर।** सड्डू स्थित वीआईपी सिटी टाउनशिप में आरसीपी इंफ्राटेक द्वारा आयोजित प्रॉपर्टी फेस्ट में लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस मौके पर कंपनी ने रेसिडेंशियल प्लॉट्स, बंगलों और कमर्शियल प्रॉपर्टीज पर कई आकर्षक ऑफर्स की पेशकश की, जिससे ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

कंपनी के अनुसार, साइट विजिट के दौरान ग्राहकों को वीआईपी सिटी की लोकेशन, बेहतर कनेक्टिविटी और उपलब्ध सुविधाएं काफी पसंद आईं। बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को प्लॉट्स की रजिस्ट्री पर 50% की छूट और बंगला खरीदने पर 5 लाख से 10 लाख तक का सीधा डिस्काउंट दिया जा रहा है।

फेस्ट में 1000 और 1200 वर्ग फीट के प्लॉट्स के अलावा 2, 3 और 4 बीएचके के रेडी-टू-मूव बंगले उपलब्ध हैं। साथ ही, कमर्शियल शॉप्स और ऑफिस स्पेस के विकल्प भी पेश किए गए हैं, जो छोटे निवेशकों और व्यवसायिक उपयोगकर्ताओं के लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकते हैं।




**कोरबा वासियों के लिए सुनहरा मौका**

आरसीपी इंफ्राटेक के सीएमडी राकेश पांडे ने कहा, "कोरबा वासियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। वीआईपी सिटी एक ऐसा प्रोजेक्ट है जहां क्वालिटी लिविंग को प्राथमिकता दी गई है। हमने हर सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस टाउनशिप को विकसित किया है। ऐसे में जो भी अपने लिए एक बेहतर घर या निवेश की जगह की तलाश कर रहे हैं, उन्हें यहां एक बार जरूर विजिट करना चाहिए।

### मुआवजा कटौती सहमति का निराकरण करने में एसईसीएल असफल, अब आंदोलन की राह पर ग्रामीण

# इधर आजादी का जश्न, उधर भूविस्थापितों को अधिकार पाने की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तरफ जब समूचा देश और जिलेवासी आजादी का जश्न मना रहे थे, तो दूसरी तरफ अपने अधिकारों को पाने की चिंता में खदान प्रभावित गांवों के लोग बैठक में चिंतन-मनन करते नजर आए। प्रबंधन के साथ बनी सहमति के बाद भी निराकरण न होने से यह व्यथित हैं और मांगों के संबंध में फिर प्रशासन को अवगत कराते हुए आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

एसईसीएल की गेवरा परियोजना के अर्जित ग्राम नरईबोध के बसाहट एवं रोजगार के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल की उपस्थिति में 25 जुलाई को महाप्रबंधक कार्यालय, एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सहमति के बाद भी निराकरण न होने से ग्रामीण नाराज हैं वे एक बार फिर आंदोलन की राह पर हैं। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में ग्राम नरईबोध के बसाहट एवं रोजगार के संबंध में पूर्व में हुए बैठक 26 जुलाई में लिए गए निर्णय को रेखांकित किया गया था, जिस पर सकारात्मक चर्चा के बाद भी अमल नहीं हो रहा है। नरईबोध के लिए नवीन बसाहट स्थल के लिए खम्हरिया ग्राम के बगल में जरहाजेल के अधिग्रहित जमीन को बसाहट के लिए चयनित किया गया है, जिसका आबंटन संबंधी कार्यवाही की स्थिति क्या है एवं भूमिहीन सहित, बसाहट अथवा बसाहट के एवज में एकमुश्त राशि लेने वाले की जानकारी चाही गई। नरईबोध के लिए नवीन बसाहट स्थल के लिए खम्हरिया ग्राम के बगल में कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा पूर्व में अधिग्रहित जरहाजेल की भूमि को चयनित किया गया है, जिसमें लगभग 333 प्लॉट उपलब्ध हो सकते हैं अन्य लगभग 450 हितग्राहियों एवं 200 भूमिहीन परिवारों की भी बसाहट के लिए अर्हताएं सुनिश्चित की जानी है, जिन्हें नियमानुसार बसाहट के एवज में एकमुश्त मुआवजा राशि दिया जाएगा। इसके लिए मुख्यालय बिलासपुर से अनुमोदन के लिए पत्राचार किया जाएगा। ग्रामवासियों द्वारा किसी अन्य के भूमि पर बनाए गए मकान का मुआवजा राशि के लिए भूमि स्वामी की सहमति लिए जाने का विरोध किया गया। इस संबंध में कटघोरा एसडीएम द्वारा ग्रामवासियों को अवगत कराया गया कि परिसम्पत्तियों के मापन के दौरान जिस भी व्यक्ति द्वारा किसी अन्य के भूमि पर निर्मित परिसम्पत्तियों का मापन कराया गया है, उन्हें नियमानुसार परिसम्पत्तियों का मुआवजा प्राप्ती के लिए भूमिस्वामी से सहमति लेना अनिवार्य है। ग्रामवासियों द्वारा मूलनिवासियों के परिसम्पत्तियों में 40 एवं 60 प्रतिशत कटौती को नहीं किए जाने की बात कही गई ग्रामवासियों को अवगत कराया गया कि उक्त कार्यवाही नियमानुसार ही की जा रही है। ग्रामवासियों द्वारा यह बात उठाई गई कि जिला पुनर्वास समिति की बैठक वर्ष 2010 में सम्पन्न हुई थी, जिसमें ग्राम नरईबोध का नाम दर्ज नहीं है। इस संबंध में एसडीएम कटघोरा द्वारा ग्रामवासियों को अवगत कराया गया कि वर्ष 2010 में हुए जिला पुनर्वास समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार ही ग्राम नरईबोध के घटते क्रम की सूची बनाई गई है। जिसका कलेक्टर द्वारा अनुमोदन किया गया था एवं इसी के आधार पर तथा एसडीएम कटघोरा के विभिन्न जारी आदेशों के परिप्रेक्ष्य में बैठक में चर्चा की गई।



बैठक में उपस्थित भूविस्थापित।

## ख़बर संक्षेप



### सशिमं के खेलकूद कार्यक्रम में शामिल हुए जिला पंचायत अध्यक्ष


**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ सरपंच बाबू सिंह, शालिनी सिंह सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बच्चों के जोश और उत्साह को देखकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने उनकी सराहना की। डॉ. पवन कुमार सिंह ने बच्चों को खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को ऐसे आयोजन करने के लिए बधाई दी। वहीं, सरपंच बाबू सिंह और शालिनी सिंह ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जिसे प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन एवं ग्रामवासियों ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

### 9 सूत्रीय मांग को लेकर किसान सभा कल करेगी आंदोलन




**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ ने बरसों पुराने भूमि अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार प्रकरण, मुआवजा, पूर्व में अधिग्रहित जमीन वापसी, प्रभावित गांव के बेरोजगारों को खदान में काम देने,पुनर्वास गांव में बसे भू विस्थापितों को काबिज भूमि का पट्टा देने के साथ 9 सूत्रीय मांगों को लेकर 13 अगस्त को कटघोरा एसडीएम कार्यालय का घेराव करने के बाद मांगे पूरी नहीं होने पर 20 अगस्त को कुसमुंडा में खदानबंद की घोषणा की थी। प्रशासन और एसईसीएल के आश्वासन से थके भूविस्थापितों ने किसान सभा के नेतृत्व में अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। आंदोलन को सफल बनाने की तैयारी को लेकर प्रभावित गांव में बैठक कर भू विस्थापित किसानों को एकजुट किया जा रहा। 20 अगस्त को कुसमुंडा खदान में महाबंद को सफल बनाने के लिए 1386 दिनों से चल रहे धरना स्थल में कुसमुंडा से प्रभावितों की बैठक हुई जिसमें आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति भी तैयार की गई। भूविस्थापित संघ के नेता दामोदर श्याम, रेशम यादव, जय कौशिक, दीपक साहू, सुमेंद्र सिंह, रघु यादव ने कहा कि खदान बंद और घेराव में 15 से अधिक प्रभावित गांव के भूविस्थापित किसान शामिल होंगे।

### जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन



**कोरबा।** जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी बीपी कश्यप के कुशल संचालन में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जमनीपाली में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता के अवसर पर कार्यक्रम संयोजक पी.डी. मनिकपुरी एवं एसएस खान सहित शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में जीपी बंजारें, प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लफा एवं श्रीमती मंजू तिवारी, प्राचार्य ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में एसएजीईएस, एनसीडीसी की टीम ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह टीम अब आगामी सितंबर माह में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रागिनी चौहान एवं आभार जेपी साहू ने किया।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 21 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 21 अगस्त को प्लेसमेन्ट केंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट के माध्यम से श्रमीन टेंलेंट प्रा0लि0 रायपुर, द्वारा फिल्ड टेक्निशियन 150 पद, कम्युनिकेशन लिमि0 बिलासपुर फिल्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह 25, सिनियर फिल्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह 10, आईसेक्ट पीएमकेके कोसाबाड़ी-1. सेल्स मैनेजर-1, 2.बिलिंग़+कैशियर 1, सर्विस स्टॉफ 2, सेल्फ एक्जीक्यूटिव्ह (फिल्ड) 3, रजिस्टर वर्क/मैनेजमेंट स्टॉफ-2, संजय इंडस्ट्रीज रजगामार में मशीन ऑपरेटर 3, रोलर फिटर 10, सुपरवाईजर 1, हेल्पर- 4 आदि कंपनी आएंगी।

## उद्योग मंत्री ने ली निगम के अधिकारियों की बैठक

# शिकायतों का त्वरित कराएं निराकरण, निगम के विकास कार्यों में लाएं तेजी : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आमजनता की समस्याओं के प्रति पूर्ण रूप से संवेदनशील रहते हुए उनकी शिकायतों का शीघ्र निराकरण कराएं तथा जनता की अपेक्षाओं, उनकी मांगों व आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य करें। वार्ड, बस्ती व शहर के विकास कार्यो में आवश्यक तेजी लाएं, निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, समयसीमा में कार्यो को पूरा करें एवं जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कराएं। केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

उक्त बातें प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिला पंचायत के सभागार में निगम के अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने वार्ड, बस्ती व शहर के विकास कार्यो की कार्य प्रगति, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन व प्राप्त परिणामों तथा आमजनता की समस्याओं से जुडे.विषयों व उनके निराकरण संबंधी कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व पार्षद नरेन्द्र देवांगन भी उपस्थित थे। निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के विकास कार्यो, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति एवं निगम से जुडे.विभिन्न कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की बिन्दुवार जानकारी बैठक में प्रस्तुत की तथा निगम द्वारा किए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो की मदवार व जोनवार जानकारी उद्योग मंत्री श्री देवांगन को दी। बैठक के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, 15वें वित्त आयोग मद, प्रभारी मंत्री मद, विधायक मद, मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद, राजस्व व आपदा प्रबंधन मद, निगम मद, एन.सी.ए.पी. मद सहित अन्य विभिन्न मदो के अंतर्गत प्रस्तावित, स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यो की जोनवार जानकारी लेते हुए कार्यो की वर्तमान प्रगति की सघन रूप से समीक्षा की। मंत्री श्री देवांगन ने अधिकारियो को निर्देश देते हुए कहा कि प्रगतिरत निर्माण कार्यो में आवश्यक तेजी लाएं, कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष नजर रखें एवं समयसीमा में कार्यो को पूरा कराएं। उन्होने कहा कि जो कार्य स्वीकृत हैं, उनकी निविदा आदि की प्रक्रिया में तेजी लाएं एवं जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, उन कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराएं।




अधिकारियों की बैठक लेते उद्योग मंत्री लखन देवांगन।

#### बिना भेदभाव के सभी वार्डो में हो विकास कार्य

बैठक के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हमारा संकल्प है कि निगम के सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य कराएं जाएं, वार्डो के नागरिकों की मांग व उनकी आवश्यकता को देखते हुए विकास कार्यो के प्रस्ताव तैयार हों एवं वार्डवासियों की समस्याओं को दूर करने की दिशा में पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य किए जाएं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शहर विकास के बडे कार्यो के साथ-साथ वार्ड व बस्तियों में सी.सी. रोड, नाली, स्ट्रीट लाईट, विद्युत विस्तार, पेयजल व्यवस्था, सार्वजनिक शेड, चबूतरा, सामुदायिक भवन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुडे निर्माण कार्यो पर भी प्राथमिकता के साथ कार्य किए जाएं। मंत्री श्री देवांगन ने निगम के जोन स्तर पर वार्ड पार्षदों के साथ बैठक आयोजित करने तथा वार्डवार विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा, समस्याओं व शिकायतों के निराकरण की दिशा में कार्य किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

#### सफाई कार्यो में और अधिक कसावट लाएं

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने निगम की सफाई व्यवस्था व साफ-सफाई से जुडे कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैंकिंग में देश में कोरबा के 8वें स्थान पर आने, वाटर प्लस व थ्री स्टार रैंकिंग प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि कोरबा को यह उपलब्धि यहॉ के जागरूक नागरिकबंधुओं की जागरूकता, निगम के अधिकारी कर्मचारियों व स्वच्छता दीदियों की मेहनत तथा निगम की महापौर, पार्षदगणों व जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन व सहयोग से प्राप्त हुई है किन्तु हमें कोरबा को अभी और आगे लेकर जाना हैं, और अधिक परिश्रम करना है। उन्होने कहा कि निगम की सफाई व्यवस्था में बेहतर कसावट लाएं, शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई के प्रति लगातार सजग रहते हुए कार्य करें ताकि आगामी वर्ष में कोरबा को और अधिक बेहतर परिणाम मिल सके।

## बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी और पटाखा फोड़ने वाले बुलेट चालकों पर गिरी गाज



जप्त बाइक व चालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले में लगातार बढ़ते हुए अपराध और लापरवाह ड्राइविंग पर अब पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर शनिवार को कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने थाना परिसर के सामने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने वाले, तीन सवारी बैठाकर सड़कों पर फर्राटा भरने वाले और बुलेट से पटाखों जैसी आवाज निकालकर अशांति फैलाने वाले चालकों पर कड़ी कार्यवाही की। अभियान के तहत करीब 18 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्रवाई खासकर युवाओं के बीच बढ़ती लापरवाहियों और अपराध प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए की गई है। उन्होंने बताया कि कई बार अभिभावक भी बच्चों को बिना लाइसेंस और बिना वाहन के कागजात के गाड़ियां चलाने के लिए प्रोत्साहित कर देते हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ता है और यही लापरवाही आगे चलकर अपराध और दुर्घटनाओं को जन्म देती है। उन्होंने साफ कहा कि यह कार्यवाही केवल एक दिन की नहीं रहेगी बल्कि निरंतर अभियान के रूप में आगे भी जारी रहेगी। नगर के कुछ युवाओं ने भी इस कार्यवाही का समर्थन किया और इसे कटघोरा पुलिस की सराहनीय पहल बताया। उनका कहना है कि इस तरह की कार्यवाही से सड़कों पर लापरवाह वाहन चालकों को सबक मिलेगा।

### चोरों का अब तक नहीं मिला सुराग

**हरदीबाजार।** एक सप्ताह पूर्व हरदीबाजार बीएनजी चौक के पास स्थित किशन ट्रेडर्स में अज्ञात दो चोरों के द्वारा दुकान के पीछे से सेंधमारी कर हार्डवेयर दुकान में रखे मोबाईल साफ्टवेयर, चिल्हर 2 हजार रुपए के लगभग, 3 टाईल्स कंकटर मशीन और कुछ समान कुल मिलाकर लगभग 50 हजार रूपए का चोरी कर ले गए। जिसकी तत्काल जानकारी हरदीबाजार थाना पुलिस को दी गई थी। पुलिस मौका मुआयना कर दोनों चोरों के सारी हरकतें सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। जिसके आधार पर थाना पुलिस के द्वारा पतासाजी की जा रही है।

## थरहा लेने गई विवाहिता की हत्या कर मानगुरु के पहाड़ में ठिकाने लगाया लाश को



घटनास्थल की जांच पड़ताल करती पुलिस व फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**ख़ास बात**

- कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर का मामला

एक 35 वर्षीय महिला घर से खेती करने के लिए थरहा लेने के नाम पर निकली थी लेकिन वह देर शाम को घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता सताने लगी लेकिन पूरी रात वह घर नहीं लौटी। जिसके बाद अगले दिन महिला की लाश मानगुरु के पहाड़ में मिली है। जहां अज्ञात हत्यारे ने उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश की है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी नंदबाई 35 वर्ष पति उत्तम सिंह रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे अपने घर से धान का थरहा लेने जाने के नाम पर घर से निकली थी लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला और वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास व परिचितों के यहां उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। जिसके बाद पूरी रात नंदबाई अपने घर वापस नहीं लौटी। इसके उपरांत परिजन उसकी खोजबीन में जुटे हुए थे। इसी बीच सोमवार की दोपहर नंदबाई की लाश कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर के पहाड़ पर मिली। लाश मिलने की सूचना पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। मानगुरू जंगल में महिला का शव मिलने की सूचना पर सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट कोरबा से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ राजश्री सिंह प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे। घटनास्थल एवं शव का बारीकी से निरीक्षण किया गया। मृतका सिर के दाहिने तरफ, पीठ में, दोनों हाथ में दोनों पैर में चोट के निशान एवं ख़ून के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नियत से घटना को अंजाम दिया जाना प्रतीत होता है। घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एवं प्रदर्श संकलित कर एफएसएल परीक्षण हेतु भेजने एवं पोस्टमॉर्टम कराने निर्देशित किया गया है।

## मकान से कार सहित अन्य सामानों की चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**ख़ास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आरपी नगर की घटना

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-2 के मकान नंबर एमआईजी 52 में एसके शर्मा अपने परिवार के साथ निवास करते हैं। श्री शर्मा कमला नेहरू महाविद्यालय में स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर पदस्थ थे जो वहां से सेवानिवृत हो चुके हैं। बताया जाता है कि श्री शर्मा विगत दिनों किसी काम से सपरिवार बेंगलुरु गए हुए थे। इस दौरान उनके घर में ताला बंद था और सूनेपन का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने बीती रात को उनके मकान का ताला तोड़कर घर के भीतर प्रवेश किया और पूरे घरों के कमरों का ताला तोड़ दिया और घर के सभी कमरों की तलाशी ली। हालांकि घर में कुछ सोने चांदी के ठोस सामान तो नहीं मिले लेकिन घर के भीतर कुछ चिल्लर पैसे व अन्य समान मिले और घर के भीतर रखे कार की चाबी को जब चोरों के हाथ लगी तो चोरों ने उनकी बलेनो कार क्रमांक सीजी 12 बीजी 5810 को लेकर फरार हो गए। जब सुबह पड़ोसियों की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि श्री शर्मा के मकान का ताला टूटा हुआ है जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना श्री शर्मा को दी। श्री शर्मा ने अपने पड़ोसियों रिश्तेदारों की मदद से चोरी होने की सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी। चोरी की सूचना पाते ही सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहां मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा की सघन जांच की। जांच के दौरान कुछ सीसीटीवी फुटेज पुलिस को प्राप्त हुआ जिसके आधार पर पुलिस की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बुधवारी निवासी सत्यप्रकाश महंत व योगेश साहू अपने साथियों करण उर्फ दादू व अन्य के साथ इस चोरी किये होंगे देर रात मे सभी मोटरसाइकिल मे बिना लाईट जलाये कॉलोनी मे घुम रहे थे। प्राप्त सूचना पर संदिग्धों की पता तलाश किये सत्यप्रकाश और योगेश मिले जिन्हे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सूने मकान का ताला तोड़कर कार मे कार की चाबी होने से कार चोरी करना तथा कार को दर्री लाल मैदान में छिपाना स्वीकार किया। आरोपियों के कथन निशानदेही के आधार पर चोरी गई बलेनो कार बरामद की गई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कार तथा अन्य सामानों को बरामद कर लिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### रेत परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** वनकर्मियों को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम घाटबर्रा निवासी ट्रेक्टर चालक पवन दास द्वारा वाहन मालिक हीरालाल के कहने पर ग्राम गिधमुड़ी के रुमराबहार नाला से एक ट्रीप रेता भरकर ग्राम गिधमुड़ी की ओर आ रहा था इसी दौरान वनकर्मी मौके पर पहुंचे और उनसे पूछताछ की तो उनके पास वनोपज से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। वन कर्मियों द्वारा वन अपराध का प्रकरण दर्ज कर वाहन और वनोपज की जप्ती कर आवासीय परिसर मोरगा में रखा गया है। कार्यवाही में वनकर्मी विनोद कुमार, सुरेंद्र कंवर, पवन कुमार, प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल मुकेश साहू, रंजीत कंवर, वनपाल बिंझवार, विनय कंवर, ललित रजक की मुख्य भूमिका रही।



## भाड़ा वृद्धि नहीं हुई तो 20 अगस्त से खदानों में ट्रक व ट्रेलरों के थमेंगे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति संघ के बैनर तले जिले के खदानों में संचालित होने वाले ट्रक ट्रेलर के पहिए 20 अगस्त की सुबह 6 बजे से लगभग 2 हजार ट्रक व ट्रेलर के पहिये थम जाएंगे। यदि हड़ताल लंबा खींचा तो निश्चित तौर पर कोयला परिवहन बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। ट्रक टेलर मालिक एसोसिएशन ने हड़ताल को लेकर शंखनाद कर दिया है और हड़ताल की तैयारी शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि ट्रक ट्रेलर मलिक सेवा समिति व कोल लिफ्टरों के बीच विगत दिनों भाड़ा वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर दीपका के सामुदायिक भवन में बैठक हुई थी लेकिन बैठक बेनतीजा रही थी। जिसके बाद ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति संघ ने आंदोलन करने का शंखनाद कर दिया था। ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भाड़ा वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर 20 अगस्त की सुबह 6 बजे से संघ हड़ताल कर रहा है जिसकी संघ ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया तो हड़ताल अनिश्चितकालीन होगा और 20 अगस्त की सुबह 6 बजे से जिले के सभी खदानों में संचालित होने वाले ट्रक ट्रेलरों के पहिये थम जाएंगे और लगभग 2 हजार ट्रकों के पहिये थमते ही कोयला परिवहन भी बुरी तरह से प्रभावित होगा। यदि हड़ताल 2 से 3 दिनों तक खींचा तो निश्चित तौर पर ढाई से 3 हजार ट्रक और ट्रेलर के पहिये थम जाएंगे और ऐसे में काम पूरी तरह से प्रभावित होगा।

#### 10 से 12 हजार लोगों को मिलता है रोजगार

ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति ने ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि उनकी समिति में लगभग 3 से 4 हजार ट्रक मालिक पंजीकृत है और कोरबा जिले में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 10 से 12 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे है जैसे कि पार्ट्स दुकानदार, मैकेनिक, पेट्रोल पंप, वर्कशॉप, टायर आदि शामिल है। वर्ष 2023 से लगातार स्थानीय उद्योगों द्वारा कोयला परिवहन के लिए भाड़ा दरों में कटौती की जा रही है जबकि दूसरी ओर वाहन संचालन से संबंधित सामान जैसे कि पार्ट्स, टायर, डीजल (एचएसडी) आदि की कीमतों में 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की वृध्दि हुई है। इस स्थिति में हम ट्रक संचालन में भारी आर्थिक घाटा झेल रहे है। ट्रक ट्रेलर मालिक सेवा समिति ने कई बार उद्योगों से भाड़ा वृद्धि हेतु वार्ता करने का प्रयास किया परंतु कोई समारात्मक परिणाम नही मिला।

### मेडिकल कॉलेज में स्टेट कोटा से पहले दिन 8 छात्र-छात्राओं ने लिया प्रवेश

अम्बिकापुर। राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार से स्टेट कोटा से प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पहले दिन कुल 42 छात्र छात्राओं ने प्रवेश के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है जबकि 8 छात्र छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। वहीं ऑल इंडिया कोटा से भी प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 125 सीटों पर प्रवेश की प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की कक्षाओं में स्टेट कोटा से 104 सीटें, ऑल इंडिया कोटा से 18 व सेंट्रल पूल कोटा से 3 सीटें निर्धारित है। कॉलेज में ऑल इंडिया कोटा से प्रवेश की प्रक्रिया 14 अगस्त से शुरू कर दी गई है।






## खबर संक्षेप



### देहाज सजग अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया गया सजग

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जटगा चौकी प्रभारी चन्द्रपाल खाण्डे के द्वारा अपनी टीम के साथ देहात सजग कोरबा अभियान चलाकर ग्राम पुटुवा एवं केशलपूर मे सरपंच उपसरपंच कोटवार उपस्थित ग्रामीण महिला व पुरुष को गांव में मुनादी कराकर गांव में ही इकटठा कर जनजागरूक्ता अभियान चलाकर यातायात नियम का पालन करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, बिना नम्बर की वाहन नहीं चलाने, मालवाहक वाहन में सफर नहीं करने, हेल्मेट पहन कर वाहन चलाने, मोटर सायकल में तीन सवारी नहीं चलने, वाहन की दस्तावेज बीमा, ड्रायविंग लाईशेंस, आरसी बुक अपडेट रखने की सलाह दिया गया तथा साईबर ठगी, महिला सम्बंधी अपराध, त्यौहारी सीजन में घरों को खाली छोड़कर अन्य स्थान नहीं जाने, कीमती सामान को खाली मकान में नहीं छोड़ने, नवीन कानून के सम्बंध में जानकारी एवं शराब नहीं बनाने, बिक्री नही करने आदि के सम्बंध मे लोगो को जागरूक किया गया।

### रात में बेवजह घूमने वाले 9 लोगों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**कोरबा।** पुलिस द्वारा शहर में रात्रि गश्त के दौरान बेवजह घूमने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान बीएनएसएस की धारा 128 के तहत कुल 9 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से की गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए निर्देशित किया गया था कि पेट्रोलिंग एवं गश्त को दुरुस्त तरीके से किया जाए तथा बेवजह घूमने वाले व्यक्तियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

#### जिला चिकित्सालय से लेकर उप स्वास्थ्य केंद्रों तक स्वास्थ्य सुविधा हुई प्रभावित

# एनएचएम के 7 सौ से अधिक स्वास्थ्य कर्मी गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के जिले में पदस्थ 7 सौ से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदेशव्यापी हड़ताल की कड़ी में जिले के हड़ताली कर्मियों ने अपनी भागीदारी देते हुए घंटाघर चौक में धरना शुरु कर दिया है।



घंटाघर में धरना देते स्वास्थ्य कर्मी।

**खास बात**

- हड़ताली कर्मियों में मैदानी क्षेत्र में पदस्थ कर्मियों की संख्या अधिक

पिछले लंबे समय से संविदा के दर पर काम करने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी नियमितिकरण सहित अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर लगातार शासन से प्रदेश स्तर संघ के माध्यम से चर्चाओं का दौर चलता रहा। इस बीच किसी तरह का निष्कर्ष नहीं निकलने की स्थिति में एक पखवाड़े पूर्व कर्मचारियों के प्रदेश संगठन के द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में सरकार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना दे दी थी। बावजूद इसके सरकार की ओर से पहल नहीं होने से अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत एनएचएम के स्वास्थ्य कर्मचारी सोमवार से जिला मुख्यालय में धरना देकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। कोरबा जिले में इनकी संख्या 7सौ से अधिक बताई गई है। जिनमें डीपीएम, बीपीएम, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लेखापाल, एएनएम शामिल हैं। हड़ताल पर जाने के कारण सबसे ज्यादा प्रभाव प्राथमिक और उपस्वास्थ्य केंद्रों में पड़ा है जहां कि पूरी दारमदार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के जिम्मा रहती है। उनके हड़ताल पर जाने से प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार के लिए आने वाली महिला मरीजों को ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ा है।

### हमर क्लीनिक की सुविधा गड़बड़ाई

शहरी क्षेत्र के कम आबादी वाले क्षेत्रों में संचालित हमर क्लीनिक में एनएचएम की महिला कर्मी ही पदस्थ हैं। कई ऐसे हमर क्लीनिक वार्ड में चल रहे हैं जहां एक महिला स्वास्थ्य कर्मी तैनात हैं। हड़ताल पर जाने से सबसे ज्यादा स्वास्थ्य सुविधा हमर क्लीनिक की गड़बड़ायी है। हड़ताली कर्मियों से स्वास्थ्य सुविधा के प्रभावित होने को लेकर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा पहले दिन से ही स्वास्थ्य केंद्रों की निगरानी शुरु कर दी गई है।

### 212 उप स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात हैं एएनएम

जिले में 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा 70 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 212 उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं। इनके अलावा मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र के स्लम बस्तियों में स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं जहां स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रुप में एनएचएम की महिला स्वास्थ्य कर्मी की पदस्थापना की गई है। जननी सुरक्षा कार्यक्रम से लेकर टीकाकरण सहित अन्य सभी कार्यक्रम इन्हीं महिला स्वास्थ्य कर्मियों के भरोसे संचालित होते हैं। हड़ताल पर जाने से आंगनबाड़ी केंद्रों में चलने वाला टीकाकरण भी प्रभावित हो सकता है।

## जंगल में लूटपाट करने वाला गिरफ्तार, अन्य फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत हवाई पट्टी मार्ग में 16 अगस्त की रात लगभग 11:40 बजे चन्द्रभवन यादव अपने दोस्तों दिलबोध यादव एवं सरवन सिंह के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 4524 से पेट्रोल लेने पॉलीटेक्निक कॉलेज रूमगड़ा स्थित पेट्रोल पंप जा रहा था। रास्ते में हवाई पट्टी गुप्ता होटल मोड़ के पास 3 मोटरसायकल में सवार लगभग 7–8 अज्ञात युवकों ने प्रार्थी व उसके साथी को रोककर नगदी व मोबाइल को लूट लिए तथा प्रार्थी व उसके दोस्तों के साथ मारपीट की, जिससे चन्द्रभवन यादव, दिलबोध यादव एवं सरवन सिंह को चोटें आईं। लुटेरों द्वारा चंद्रभवन से 15 सौ रुपये नगद, सरवन सिंह से मोबाइल रेडमी 9 प्राइम व 12 सौ रुपये नगद तथा दिलबोध यादव से 3 हजार रुपये नगद लूटकर ले गया। घटना मारपीट के दौरान एक हमलावर का चेहरा कपड़ा गिरने से खुला, जिसे पीड़ितों ने पहचान लिया कि वह दीपक मरावी निवासी प्रगतिनगर दर्री का रहने वाला है। जिस पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी दीपक मरावी को हिरासत मे लेकर पुछताछ कर अन्य आरोपीयो नाम पता कर टीम अन्य आरोपी की पता तलाश मे रवाना हो गए। पुलिस ने मामले में आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल क्रमांक सीजी 12 बीएन 8392 तथा 700 रुपये नगद जब्त किया गया।



गिरफ्तार आरोपी




# एक साल बाद खुला राज, प्रेमिका की हत्या कर सर्पदंश से होना बताया था मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक साल पूर्व एक विवाहिता की मौत सर्पदंश से होने की बात सामने आई थी लेकिन पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की। एफएसएल रिपोर्ट आते ही खुलासा हुआ कि उसमें विष नहीं पाया गया है

**खास बात**

- पुलिस ने आरोपी प्रेमी को बिहार में दबिश देकर किया गिरफ्तार

फिर क्या था पुलिस के कान खड़े हो गए और पुलिस ने पीएम रिपोर्ट की क्यूरी करने के लिए भेजा गया। जिसमें चिकित्सकों द्वारा अंतिम राय में विवाहिता की मौत गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आई और पुलिस ने मामले में विवाहिता के प्रेमी को बिहार में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसने विवाहिता की हत्या कर पुलिस और परिजनों को चकमा देने के लिए उसकी मौत को सर्पदंश की घटना बताया था।

बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत शांति चौहान उम्र 32 वर्ष पति संजय चौहान की मौत जुलाई 2024 में सर्पदंश से होना बताकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। घटनास्थल निरीक्षण, शव निरीक्षण व शव परीक्षण के बाद पीएम रिपोर्ट मे डॉक्टर द्वारा स्पष्ट राय नहीं दी गई। बिसरा आदि पिजर्ब किया गया था। एफएसएल रिपोर्ट पश्चात राय देने की बात कही गई। मृतिका के ब्लड सैम्पल को एफएसएल बिलासपुर भेजा गया, जहाँ रिपोर्ट में रासायनिक विष नहीं पाया गया। इसके पश्चात डॉक्टर ने अपनी अंतिम राय में बताया कि मृतिका की मृत्यु गला दबाने से दम घुटने के कारण हुई थी। मामले में रिपोर्ट आने पर बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह ने बताया कि जांच में यह तथ्य सामने आया कि घटना दिनांक की रात्रि मृतिका अपने परिचित सौरभ यादव के साथ रह रही थी और अगले दिन सुबह मृत अवस्था में पाई गई। घटना के बाद से सौरभ यादव फरार हो गया। जांच के आधार पर मृतिका शांति चौहान की हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी सौरभ यादव को संदेही पाया गया। विवेचना के दौरान गवाहों के कथन एवं आरोपी सौरभ यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ कर कथन में दिनांक घटना को मृतिका व्दारा शादी करने का दबाव देने पर मारपीट कर मुंह-नाक, गला दबाकर हत्या करना कबूल किया। जिस पर पुलिस ने आरोपी सौरभ यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### जहर खाने से अधेड़ की मौत

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत निवासरत हरवंश कुमार 46 ने 6 अगस्त को घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उसे मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था, जहां उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस पंचनामा के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।


### न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सूरजभवन सिंह पिता स्व. रामायण सिंह जाति बिंझवार निवासी ग्राम भठोरा तहसील दीपका जिला कोरबा (छ०ग०) के द्वारा ग्राम रलिया तहसील दीपका में स्थित खातेदार रामायण सिंह पिता मनोहर सिंह के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल में अधिग्रहित भूमि ख.नं. 709/2 रकबा 0.52 डि. भूमि के खातेदार रामायण सिंह पिता मनोहर सिंह की दिनांक 10.01.2022 को मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज करने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 29/08/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 12/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका (छ.ग.)**







।। जीवेत् शरदः शतम् ।।
भारतीय जनता पार्टी
छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता कुशल संगठनकर्ता, कोरबा के माटीपुत्र
श्री विकास महतो जी
को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
विनीत - भारतीय जनता पार्टी, महिला मोर्चा, जिला-कोरबा (छ.ग.)